मधुबनी में कापार्ट की योजनायें

492. **श्री रामदेव भंडारी:** क्या ग्रामीण और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार के मधुबनी जिले के लिए स्वीकृत योजनाओं का ब्यौरा क्या है और कापार्ट द्वारा 1995-96 और 1996-97 के दौरान अब तक प्रत्येक स्वयंसेवी संस्था के लिए जारी धनराशि का संस्था-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कापार्ट द्वारा योजनाओं के निष्पादन में आवश्यकता से बहुत अधिक समय लगता है; और

(ग) कापार्ट के अधीन इस जिले की लंबित योजनाओं और उसके कार्यान्वयन का ब्यौरा क्या है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चंद्रदेव प्रसाद वर्मा): (क) वर्ष 1995-96 और 1996-97 के दौरान बिहार के मधुबनी जिले के बारे में स्वयंसेवी एजेंसियों को कापार्ट द्वारा अब तक संस्वीकृत योजनाओं का ब्यौरा दर्शाने वाला एक विवरण दिया गया है (नीचे देखिए)। कापार्ट ने सूचना दी है कि इन परियोजनाओं के लिए संस्वीकृति निधियों को अभी रिलीज किया जाना है।

(ख) और (ग) कापार्ट किसी परियोजना को प्रत्यक्ष रूप से कार्यान्वित नहीं करता है। कापार्ट द्वारा संस्वीकृत परियोजनाओं को संबंधित स्वयंसेवी एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। कापार्ट द्वारा परियोजनाएं विभिन्न योजनाओं के लिए निर्धारित मार्गदर्शिकाओं सहित विभिन्न तथ्यों के आधार पर विशिष्ट अवधि के लिए संस्वीकृत की जाती हैं। तथापि, कुछ परियोजनाओं के कार्यान्वयन में मौसमी और अन्य क्षेत्रीय बाधाओं के कारण विलम्ब हो जाता है।

वित्तीय सहायता के अनुज्ञान के लिए स्वयंसेवी एजेंसियों के 43 परियोजना प्रस्ताव कापार्ट के पास लंबित हैं तथा ये कार्यान्वयन के अलग-अलग स्तर में हैं।

विवरण

बिहार के मधुबनी जिले में स्वीकृत योजनाओं से संबंधित ब्यौरे

	स्वैच्छिक संगठनों के नाम	स्कीम	योजना की स्वीकृति की तारीख	स्वीकृति धनराशि (रुपये में)
1.	अरूणोदय रचनात्मक परिषद मधुबनी	त्वरित ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम	27.11.1995	2,08,750/
2.	वेदव्यास विनोबा सेवा संस्थान मधुबनी	साक्षरार्थियों का संगठन	8.12.1995	27,500/-
3.	राजनगर कल्याण समिति मधुबनी	केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम	26.3.1996	1,61,920/-
4.	महेश्वरी ग्रामीण विकास कल्याण समिति मधुबनी	ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एवं शिशु विकास	26.3.1996	2,02,600/-
5.	मिथिला संस्कृत मधुबनी	ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एवं शिशु विकास	12.6.1996	1,58,200/-
6.	ग्रामीण सेवा सुन्दर विराजीत मधुबनी	ग्रामीण प्रौद्योगिकी योजना का संवर्धन	14.6.1996	10,69,000/-